Bareilly, Monday,
3 April 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

Page No. 02 : Top

टी-20 में आईके और याड्र्स ने दर्ज की जीत

आल्मा मातेर और 22 याड्र्स के बीच हुआ मुकाबला.

अल्मा मातेर 107 रन और ओएसिस छह विकेट से पराजित

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (2 April): श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन रविवार को आईके कलेक्शंस, अल्मा मातेर और 22 याड्र्स ल ओएसिस के बीच मैच हुआ. आईके कलेक्शंस ने अल्मा मातेर को 107 रन से हराकर जीत हासिल की. दूसरे मुकाबले में 22 याड्र्स ने ओएसिस टाउन क्लब को छह विकेट से हराया.

मैच की स्थिति

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन रविवार को पहला मैच आईके कलेक्शंस ने अल्मा मातेर के बीच खेला गया. इस में पहले खेलते हुए आईके कलेक्शंस ने तीन विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए, शुरुआत ज याच अच्छी नहीं रही. मैच में दिलनाज क्वे अच्छी गेंदबाजी ने पहले ओवर में पारस को एक रन के स्कोर पर बोल्ड कर दिया. दूसरा बड़ा झटका रवि का विकेट लेकर दिया. इसके बाद प्रकाश और आकाश ने संभल कर खेलना शुरू किया. आकाश ने 52 गेंदों पर तीन छक्कों और छह चौकों की मदद से 75 रन बनाए. अंतिम पांच गेंदों पर आईके कलेक्शंस ने 10 रन और बना कर अपना स्कोर 195 पहुंचा तक दिया. प्रकाश ने 77 रनों की नाबाद पारी खेली.

75 रन की साझेदारी

दूसरा मैच 22 याड्र्स और ओएसिस टाउन क्लब के बीच हुआ. ओएसिस की टीम ने पहले खेलते हुए आठ विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाए. जिसमें ओपनर शिवम और दिलप्रीतव्ने अच्छा खेलते हुए पहले विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी की. उन के आउट होने के बाद खिलाड़ी विकेट पर टिक नही पाए और 20 ओवर में 136 रन बना पाई. जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी 22 याड्र्स की शुरुआतव्भी अच्छी नही रही. उसके सलामी बल्लेबाज अनुभव एक रन के व्यक्तिगत स्कोर पर दूसरे ओवर में एलबीडब्ल्यू हो गये. फिर शादाब आउट हो गए. फिर बल्लेबाजी करने उतरे रिजवान ने टूर्नामेंट की सबसे यादगार पारी खेली और तीन छक्कों, छह चौकों की मदद से 49 गेंदों पर ताबड़तोड़ 65 बनाए.